<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 06.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- निर्वाचन आयोग ने बिहार में चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए 17 नई पहल की घोषणा की, पूरे देश में ये सुधार मॉडल के रूप में किए जाएंगे लागू।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा में भेदभाव का लगाया आरोप, सभी धर्मस्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की रखी मांग।
- एसीबी ने हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला मामले में विजय प्रताप सिंह को आज गिरफ्तार किया, इस मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी।
- कोडरमा में यात्रियों से भरी बस पलटी, 11 यात्री घायल, तीन की हालत गंभीर।
- मौसम विभागों ने कल राज्य के 17 जिलों में गरज–चमक और तेज हवाओं का जारी किया येलो अलर्ट।

*******************

निर्वाचन आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले 17 नई पहल की घोषणा की है। इनका उद्देश्य राज्य में चुनावी प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी बनाना है। पटना में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ये नए सुधार भविष्य में मॉडल के रूप में पूरे देश में लागू किए जाएंगे।

*******************

चुनाव आयोग आज शाम 4 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रेस वार्ता करेगा। मीडिया प्रतिनिधियों को ढाई बजे से प्रवेश की अनुमति होगी। आयोग ने सभी को साढ़े तीन बजे तक अपनी सीट पर बैठने का अनुरोध किया है।

चुनाव आयोग आज दोपहर बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त होगा। 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 22 नवबंर से पहले होने हैं।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कल फिरोजपुर में भारतीय सेना की गोल्डन एरो डिवीजन का दौरा किया। उन्होंने परिचालन तैयारियों, सीमा प्रबंधन और मानवीय सहायता पहल की भी समीक्षा की। श्री सेठ को संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में परिचालन संबंधी तैयारियों, बुनियादी विकास और मादक पदार्थ मुक्त पहल के अलावा पूर्व सैनिकों के कल्याण के बारे में जानकारी दी गई।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा में भेदभाव का आरोप लगाया है और कहा कि आदिवासी सरना स्थल, मसना स्थल, हड़गड़ी और जाहरथान जैसी जगहों पर अतिक्रमण और हमले हो रहे हैं, लेकिन सरकार ने सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की। उन्होंने सिमडेगा में चर्च की सुरक्षा के लिए अधिकारियों की बैठक को एकतरफा कार्रवाई बताते हुए सवाल उठाया कि आखिर केवल चर्च को विशेष सुरक्षा क्यों दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और बैठक का एजेंडा सार्वजनिक किया जाए या सभी समाजों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए।

*******************

केन्द्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कफ सिरप का विवेकसम्मत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। केन्द्र ने कहा कि सामान्य खांसी के लिए किसी अलग औषधि की आवश्यकता नहीं होती, यह अपने आप ठीक हो जाती है।

*******************

एसीबी ने हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला मामले में विजय प्रताप सिंह को आज गिरफ्तार किया है। यह इस मामले में तीसरी गिरफ्तारी है, जबकि इससे पहले निलंबित आईएएस विनय चौबे और तत्कालीन खासमहल पदाधिकारी विनोद चंद्र झा को जेल भेजा जा चुका है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

कोडरमा जिले के सतगांवां थाना क्षेत्र में आज सुबह अंगार मोड़ के पास यात्रियों से भरी बस पलट गई, जिसमें 11 यात्री घायल हो गए। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल रेफर किया गया।

*******************

इधर पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराइकेला बाजार में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जिससे नाराज ग्रामीणों ने रांची–चाईबासा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने मृतक परिवार को मुआवजा देने और हादसे के जिम्मेदार चालक को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस प्रशासन मार्ग को खोलने का प्रयास कर रहा है, लेकिन खबर मिलने तक सड़क जाम बरकरार है।

*******************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी साइडिंग पर अपराधियों ने बीती रात फायरिंग की और चार बम फेंकने की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान कोयला साइडिंग का काम देख रहे एक व्यक्ति को गोली लगी और उन्हें इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से तीन 9 मि.मी., एक 7.65 मि. मी. के खोखे और चार सुतली बम बरामद किए, जबकि घटना की जिम्मेदारी राहुल दुबे गैंग ने सोशल मीडिया पर ली।

*******************

गिरिडीह जिला प्रशासन ने नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कई आदेश जारी किए हैं।

*******************

शेयर बाजार का सेंसेक्स आज 384 अंक बढ़कर 81 हजार 591 पर पहुँच गया, जबकि निफ्टी 104 अंक बढ़कर 24 हजार 998 पर पहुँच गया।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 9 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 54 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

- सरायकेला–खरसावां के गम्हरिया टायो गेट स्थित सरना उमूल में माझी परगना महाल की बैठक में 13 अक्टूबर को गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में कुड़मी समाज को आदिवासी सूची में शामिल करने के खिलाफ एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।
- देवघर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में मेन गेट, कॉरिडोर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है।

*******************

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कल राज्य के 17 जिलों में गर्जन के साथ तेज हवाओं और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आज राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और गुनगुनी धूप के कारण लोगों को बारिश से थोड़ी राहत मिली।

*******************